# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 9 ( भूगोल )

### अध्याय 6: जनसंख्या



To get notes visit our website

mukutclasses.in

## अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए चार विकल्पों में सही विकल्प चुनिए:**

**(i) निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में प्रवास, आबादी की संख्या, वितरण एवं संरचना में परिवर्तन लाता है**
**(क) प्रस्थान करने वाले क्षेत्र में**
**(ख) आगमन वाले क्षेत्र में**
**(ग) प्रस्थान एवं आगमन दोनों क्षेत्रों में**
**(घ) इनमें से कोई नहीं**
उत्तर: (ग) प्रस्थान एवं आगमन दोनों क्षेत्रों में

**(ii) जनसंख्या में बच्चों का एक बहुत बड़ा अनुपात निम्नलिखित में से किसका परिणाम है**
**(क) उच्च जन्म दर**
**(ख) उच्च मृत्युदर**
**(ग) उच्च जीवन दर**
**(घ) अधिक विवाहित जोड़े**
उत्तर: (क) उच्च जन्म दर

**(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा एक जनसंख्या वृद्धि का परिमाण दर्शाता है**
**(क) एक क्षेत्र की कुल जनसंख्या**
**(ख) प्रत्येक वर्ष लोगों की संख्या में होने वाली वृद्धि**
**(ग) जनसंख्या वृद्धि की दर**
**(घ) प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या**
उत्तर: (ख) प्रत्येक वर्ष लोगों की संख्या में होने वाली वृद्धि

**(iv) 2011 की जनगणना के अनुसार एक 'साक्षर' व्यक्ति है**
**(क) जो अपने नाम को यह एवं लिख सकता है।**
**(ख) जो किसी भी भाषा में पद एवं लिख सकता है।**
**(ग) जिसकी उम्र 7 वर्ष है तथा वह किसी भी भाषा को समझ के साथ पढ़ एवं लिख सकता है।**
**(घ) जो पढ़ना-लिखना एवं अंकगणित दोनों जानता है।**
उत्तर: ग) जिसकी उम्र 7 वर्ष है तथा वह किसी भी भाषा को समझ के साथ पढ़ एवं लिख सकता है।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित के उत्तर संक्षेप में दें।**

**(i) जनसंख्या वृद्धि के महत्त्वपूर्ण घटकों की व्याख्या करें।**
उत्तर: जनसंख्या वृद्धि के महत्त्वपूर्ण घटक निम्न हैं:
जन्म-दर:- प्रति वर्ष प्रति हजार में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है, उसे जन्म-दर कहते हैं।
मृत्युदर:- प्रति वर्ष प्रति हजार में मरने वाले व्यक्तियों की संख्या मृत्यु दर कहलाती है।
प्रवास :- लोगों का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में चले जाना प्रवास कहलाता है।

**(ii) 1981 से भारत में जनसंख्या की वृद्धि दर क्यों घट रही है?**
उत्तर: 1981 से भारत में धीरे धीरे जन्म दर में गिरावट आनी शुरू हुई जिसके कारण जनसंख्या की वृद्धि दर में भी गिरावट आई।

**(iii) आयु संरचना, जन्म दर एवं मृत्यु दर को परिभाषित करें।**
उत्तर:
आयु संरचना:- देश की जनसंख्या को विभिन्न आयु वर्गों में विभाजित करके जनसंख्या का अध्यन करना आयु संरचना या आयु संघटन कहा जाता है।
जन्म-दर:- प्रति वर्ष प्रति हजार में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है, उसे जन्म-दर कहते हैं।
मृत्युदर:- प्रति वर्ष प्रति हजार में मरने वाले व्यक्तियों की संख्या मृत्यु दर कहलाती है।

MUKUTclasses

**(iv) प्रवास, जनसंख्या परिवर्तन का एक कारक ।**
उत्तर: प्रवास जनसंख्या परिवर्तन का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। ये केवल जनसंख्या के आकार को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उम्र एवं लिंग के दृष्टिकोण से नगरीय एवं ग्रामीण जनसंख्या की संरचना को भी परिवर्तित करता है। भारत में, ग्रामीण-नगरीय प्रवास के कारण शहरों तथा नगरों की जनसंख्या में नियमित वृद्धि हुई है।

**प्रश्न 3. जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या परिवर्तन के बीच अंतर स्पष्ट करें।**
उत्तर:

| जनसंख्या वृद्धि | जनसंख्या परिवर्तन |
|---|---|
| जनसंख्या वृद्धि का अर्थ होता है, किसी विशेष समय अंतराल में, जैसे 10 वर्षों के भीतर, किसी क्षेत्र के निवासियों की संख्या में परिवर्तन। | जनसंख्या परिवर्तन किसी क्षेत्र निश्चित अवधि के दौरान जनसंख्या वितरण, संरचना या आकर में परिवर्तन को कहते हैं। |

**प्रश्न 4. व्यावसायिक संरचना एवं विकास के बीच क्या संबंध है ?**
उत्तर: व्यावसायिक संरचना का अर्थ विभिन्न आर्थिक कार्यों में संलग्न जनसंख्या से है। इन आर्थिक कार्य तीन क्षेत्रों में विभाजित है। प्राथमिक क्षेत्र में कृषि, पशुपालन, मछली पालन आदि है। द्वितीयक क्षेत्र में औद्योगिक उत्पादन है। तृतीयक क्षेत्र में सेवा सम्बन्धी कार्य आते है। इस संरचना ने विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**प्रश्न 5. स्वस्थ जनसंख्या कैसे लाभकारी है?**
उत्तर: स्वास्थ्य जनसँख्या निम्नलिखित रूप से लाभकारी हैं:-
1. स्वस्थ जनसंख्या विकास में योगदान देती है।
2. मानव संसाधन का निर्माण करती है।
3. स्वास्थ्य खर्च को कम करती है।
4. उत्पादन में वृद्धि होती है।

**प्रश्न 6. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?**
उत्तर: राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :-
1. जन्म दर तथा जनसंख्या वृद्धि में कमी लाना
2. विवाह की न्यूनतम आयु में वृद्धि करना
3. परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना
4. महिला शिक्षा पर विशेष जोर देना।

MUKUTclasses